तुम से मिलकर के सांवरे फूलों सा जीवन निखर गया

तुम से मिलकर के सांवरे,
फूलों सा जीवन निखर गया,
जब तेरे नाम की हवा चली,
और ग़म का बादल बिखर गया,
तुमसे मिलकर के साँवरे,
फूलों सा जीवन निखर गया।bd।

देखे – टॉप 10 श्याम भजन लिरिक्स।

ऐसे थे कुछ वैसे थे,
कुछ आपकी महफ़िल जैसे थे,
रेतों महल थे आँखों में,
क्या कहूं ख्वाब मेरे कैसे थे,
तेरी शरण में आते आते ही,
हर सपना मेरा संवर गया,
तुमसे मिलकर के साँवरे,
फूलों सा जीवन निखर गया।bd।

हर पहर सुबह और शाम लिया,
धीरज से समय पर काम लिया,
जब आई मुसीबत कोई भी,
मैंने बस तेरा नाम लिया,
तूने हाथ जो मेरा थाम लिया,
दुश्मन का चेहरा उतर गया,
तुमसे मिलकर के साँवरे,
फूलों सा जीवन निखर गया।bd।

दिन से दिन रात से रात मिले,
'बेधड़क' मेरे जज्बात मिले,
जब पड़ा अकेला ये 'पप्पू',
प्रेमी सब श्याम के साथ मिले,
मुझे हाथों हाथ लिया सबने,
मैं इस दुनिया में जिधर गया,
Bhajan Diary Lyrics,
तुमसे मिलकर के साँवरे,
फूलों सा जीवन निखर गया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम से मिलकर के सांवरे,
फूलों सा जीवन निखर गया,
जब तेरे नाम की हवा चली,
और ग़म का बादल बिखर गया,
तुमसे मिलकर के साँवरे,
फूलों सा जीवन निखर गया।**lbd।**

स्वर / रचना – पप्पू शर्मा 'बेधड़क'।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com